वाई-फाई सुविधा से लैस प्रदेश का पहला रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बना बेलटुकरी

चर्चा में क्यों?

11 मई 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मस्तूरी विधानसभा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्राम बेलटुकरी में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क 'रीपा' का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- वाई-फाई सुविधा प्रारंभ होने के साथ बेलटुकरी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क इस सुविधा से लैस प्रदेश का पहला रीपा बन गया है। इसमें कार्यरत लोगों को अब निःशुल्क इंटरनेट की सुविधा मिलेगी।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने 5 मई को रीपा की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान इसे वाईफाई सुविधा से लैस करने की घोषणा की थी।
- गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छोटे-छोटे उद्योग धंधों के लिये रीपा में पानी, बिजली, ज़मीन जैसी सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं, इसी कड़ी में बेलटुकरी में वाई-फाई सुविधा का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बेलटुकरी रीपा में उत्पादित विभिन्न वस्तुओं के कैटलॉग का भी विमोचन किया।
- गौरतलब है कि रीपा के माध्यम से गाँव के लोगों को जरूरी वस्तुएँ आस-पास उपलब्ध हो रही हैं, जिसके कारण अब उन्हें दूर शहरों की ओर नहीं जाना पड़ता। बेलटुकरी रीपा में संचालित बेकरी यूनिट, बोरी सिलाई यूनिट, कपड़ा सिलाई यूनिट, दोना-पत्तल यूनिट के उत्पादों की अच्छी गुणवत्ता के कारण आसपास के शहर-गाँवों से सप्लाई के आर्डर मिलने प्रारंभ हो गए हैं।
- विदित है कि 2 अक्तूबर 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गांधी जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की महत्त्वाकांक्षी 'महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना' का शुभारंभ किया था और प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।
- ग्रामीण गरीब परिवारों के लिये रोज़गार और आय के साधन उपलब्ध कराने के लिये गाँव के गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिये यहाँ विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-rural-industrial-park-of-the-state-equipped-with-wi-fi-facility